# जरा सांवरे बता दे मुझे तुझसे प्यार क्यों है भजन लिरिक्स

जरा सांवरे बता दे,
मुझे तुझसे प्यार क्यों है,
तेरा इंतज़ार क्यों है,
जरा साँवरे बता दे।bd।

---

देखा नहीं कभी भी,
महसूस ही किया है,
मेरे मांगने से पहले,
सब कुछ ही दे दिया है,
बिना देखे तुझपे मोहन,
मुझे ऐतबार क्यों है,
जरा साँवरे बता दे,
मुझे तुझसे प्यार क्यों है,
तेरा इंतज़ार क्यों है,
जरा साँवरे बता दे।bd।

---

कुछ तो ज़रूर होगा,
पागल हुआ ज़माना,
दिन रात प्रेमियों का,
तेरे दर पे आना जाना,
हर एक की जुबां पर,
तेरा ही नाम क्यों है,
जरा साँवरे बता दे,
मुझे तुझसे प्यार क्यों है,
तेरा इंतज़ार क्यों है,
जरा साँवरे बता दे।bd।

---

प्रेमी बनूँ उसी दिन,
मतलब बिना पुकारूँ,
निश्छल हो तब ये नैना,
जिस पल तुम्हे निहारूँ,
‘पंकज’ से स्वार्थी पर,
तेरा दुलार क्यों है,
जरा साँवरे बता दे,
मुझे तुझसे प्यार क्यों है,
तेरा इंतज़ार क्यों है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जरा सांवरे बता दे,
मुझे तुझसे प्यार क्यों है,
तेरा इंतज़ार क्यों है,
जरा साँवरे बता दे।bd।

**Singer & Writer – Gyan Pankaj Agarwal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com